मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल का त्रैमासिक न्यूज लेटर

# जैवविविधता

अंक – 1

अप्रैल–जून 2021



**रमेश कुमार गुप्ता**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश**

**मध्य प्रदेश शासन**
सतपुड़ा भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 05.08.2021

## संदेश

मध्यप्रदेश प्राकृतिक संरचनाओं व संसाधनों, जैवविविधता व जैविक संसाधनों और जैवसंसाधनों से संबद्ध पारंपरिक ज्ञान में संपन्न है। प्रदेश की प्रचुर जैवविविधता पर स्थानीय समुदाय की आजीविका निर्भर करती है। इस कारण प्रदेश के पारिस्थितिक तंत्र, प्रजातियों और आनुवांशिक स्तर पर जैवविविधता क्षरण की प्रक्रिया को रोकने के उद्देश्य से तथा स्थानीय समुदाय के विकास के लिये जैवविविधता संरक्षण, जैविक संसाधनों के संवहनीय उपयोग को बढ़ावा देना आवश्यक है।

जैवविविधता संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश में जैवविविधता अधिनियम, 2002 एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के प्रावधानों के अंतर्गत समस्त स्थानीय निकाय स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है तथा बोर्ड के तकनीकी मार्गदर्शन में डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्य किया जा रहा है।

स्थानीय समुदाय एवं जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण तथा प्रदेश में संचालित जैवविविधता आधारित गतिविधियों के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा ''जैवविविधता'' विषयक त्रैमासिक समाचार पत्रिका (न्यूज लेटर) का डिजिटल प्रकाशन किया जा रहा है।

मैं, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड को ''जैवविविधता'' विषयक त्रैमासिक समाचार पत्रिका (न्यूज लेटर) के प्रकाशन के लिए बधाई देता हूँ।

**(रमेश कुमार गुप्ता)**

# संपादकीय



डॉ धर्मेन्द्र वर्मा
सदस्य सचिव

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 तथा जैविक संसाधनों तक पहुॅच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) के प्रावधानों के अंतर्गत जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन प्रावधानित है। इस हेतु प्रदेश में जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 41 (1) एवं मध्य प्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (1) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 23,557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है।

जैवविविधता नियम, 2004 (केन्द्र) के नियम 22 (6) तथा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (9) अनुसार जैवविविधता प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य स्थानीय लोगों के परामर्श से लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण किया जाना प्रावधानित है।

इसी क्रम में मध्य प्रदेश में समस्त स्थानीय निकाय स्तर पर डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण कार्य किया गया है। लोक जैवविविधता पंजी में स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता और ज्ञान, उनके औषधीय या किसी अन्य उपयोग या उनसे जुड़े किसी भी अन्य पारंपरिक ज्ञान की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतन कार्य हेतु मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मैदानी स्तर के जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को निरंतर अपडेट किये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं जैवविविधता नियम, 2004 तथा जैविक संसाधनों तक पहुॅच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बांटना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) के उदेश्य अनुसार जैवसंसंसाधनों से उदभूत लाभों के साम्यपूर्ण प्रभाजन किया जाना प्राधानित है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रावधान अनुसार जैवसंसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारी एवं विनिर्माताओं द्वारा साम्यापूर्ण लाभ प्रभाजन की राशि बोर्ड प्रदान की जा रही है। जिससे जैवविविधता प्रबंधन समितियों द्वारा लाभ प्रभाजन की राशि से मैदानी स्तर पर जैवविविधता संरक्षण का कार्य किया जायेगा।

आशा है कि कोविड–19 की परिस्थितियों में जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन तथा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य में स्थानीय समुदाय, स्थानीय निकायों, जैवविविधता प्रबंधन समितियो एवं जैवविविधता के से साझा सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

**शुभकामनाओं सहित।**

**(डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा)**
सदस्य सचिव

## 1. अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस – 2021

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जैवविविधता संबंधित मुद्दों के बारे में समझ और जागरूकता बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई को (International Day for Biological Diversity) की घोषणा की गई (www.cbd.int/idb)। विश्व भर में 22 मई, 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस (International Day for Biological Diversity) मनाया गया। पृथ्वी पर लाखों प्रजातियों के जीव व वनस्पति विद्यमान है। इन सबकी विशेषताएँ व आवास भिन्न (विविध) है, फिर भी ये आपस में प्राकृतिक कड़ियों से जुड़े है। हम इसे वैश्विक जैवविविधता मान सकते है। मानव के कारण पर्यावरण में हो रहे बदलाव के कारण ये कड़ियां टूट रही हैं जो कि चिंता का विषय है। सभी प्रकार की तकनीकी विकास होने के बावजुद भी मनुष्य कहीं न कहीं अपनी बुनियादी आवश्यकताओं जैसे– जल, खाद्य, औषधी, कपड़ा, मकान ऊर्जा इत्यादि हेतु पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर है।

अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस–2021 का विषय **''हम सामाधान का हिस्सा है''** ("We are the part of solution") है, इसका मुख्य उद्देश्यः प्रकृति और मनुष्य के बीच एक आशा एवं एकजुटता पर बल देना है साथ ही यह भविष्य में प्रकृति के साथ सभी स्तर पर तालमेल के महत्व को भी दर्शाता है (To build a future of life in harmony with nature)। माना जा रहा है कि वर्ष 2020 व 2021 अवसरों एवं समाधानों के वर्ष हैं। ये वर्ष मानव कल्याण एवं पृथ्वी पर सभी प्रकार की जैवविविधता को नुकसान से बचाने हेतु दुनिया का वैश्विक ढांचा पहले से कहीं अधिक एवं मजबूत बनाने के संकेत प्रदान करेंगें।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम

### अ. ऑनलाईन प्रतियोगिता

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल द्वारा विश्वभर में चल रहे कोविड–19 महामारी को ध्यान में रखते हुए, अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस–2021 को मनाने हेतु ऑनलाईन अभियान के माध्यम से इस दिवस को स्मरण किया गया। इस वर्ष सी.बी.डी. (Convention on Biological Diversity-CBD) द्वारा निर्धारित अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस– 2021 की विषय–वस्तु के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से **''कोविड–19 : ''हम सामाधान का हिस्सा है''** "We are the part of solution" विषय पर ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियो द्वारा निम्नानुसार प्रतियोगिताओ में पंजीयन किया गया।

| प्रतियोगिता | श्रेणी | | पंजीयन की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| **हिन्दी** संक्षेप **लेखन** | स्कूल के विद्यार्थी (कक्षा 9 से 12 तक) | A1 | 737 | 101 |
| | कालेज के विद्यार्थी (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) | A2 | 808 | 112 |
| | अन्य जनसामान्य (उपरोक्त श्रेणियों के अतिरिक्त, जिसमें शासकीय सेवक भी सम्मिलित है।) | A3 | 183 | 79 |
| | | **TOTAL** | **1728** | **292** |

| प्रतियोगिता | श्रेणी | | पंजीयन की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| **अंग्रेजी** संक्षेप **लेखन** | स्कूल के विद्यार्थी (कक्षा 9 से 12 तक) | B1 | 217 | 49 |
| | कालेज के विद्यार्थी (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) | B2 | 478 | 84 |
| | अन्य जनसामान्य (उपरोक्त श्रेणियों के अतिरिक्त, जिसमें शासकीय सेवक भी सम्मिलित है।) | B3 | 54 | 24 |
| | | **TOTAL** | **749** | **157** |
| पोस्टर के साथ स्लोगन, | स्कूल के विद्यार्थी (कक्षा 9 से 12 तक) | C1 | 546 | 107 |
| | कालेज के विद्यार्थी (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) | C2 | 690 | 109 |
| | अन्य जनसामान्य (उपरोक्त श्रेणियों के अतिरिक्त, जिसमें शासकीय सेवक भी सम्मिलित है।) | C3 | 116 | 35 |
| | | **TOTAL** | **1352** | **251** |
| जैवविविधता आधारित क्षेत्रीय लोकोरिक्तया स्थानीय कहावतें | स्कूल के विद्यार्थी (कक्षा 9 से 12 तक) | DI | 417 | 17 |
| | कालेज के विद्यार्थी (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) | D2 | 637 | 26 |
| | अन्य जनसामान्य (उपरोक्त श्रेणियों के अतिरिक्त, जिसमें शासकीय सेवक भी सम्मिलित है।) | D3 | 132 | 25 |
| | | **TOTAL** | **1186** | **68** |
| | | **GRAND TOTAL** | **5015** | **765** |

इस आयोजन के उत्साहजनक व सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये है। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा 2787 प्रविष्ठियां बोर्ड को प्रेषित की गई। प्रतियोगिता में कुल 5015 पंजीयन किये गये। प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों हेतु पुरस्कार राशि निम्नानुसार है:–

| वर्ग क्र. | वर्ग का विवरण | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| A-1, B1 & C1 | कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी | 2,500.00 | 1,500.00 | 1,000.00 | 5,000.00 |
| A-2, B2 & C2 | स्नातकोत्तर एवं स्नातक (कॉलेज) के विद्यार्थी | 5,000.00 | 3,000.00 | 2,000.00 | 10,000.00 |
| A-3, B3 & C3 | अन्य जनसामान्य (जिसमें शासकीय सेवक भी सम्मिलित है) | 5,000.00 | 3,000.00 | 2,000.00 | 10,000.00 |

**टीप** – श्रेणी D - जैवविविधता कहावते/लोकोक्तियॉ हेतु बोर्ड द्वारा प्रतिभागियों द्वारा प्रेषित कहावते/लोकोक्तियॉ का संकलन किया जायेगा।

### ब. ''चलती रहे जिंदगी'' आकाशवाणी कार्यक्रम का प्रसारण

अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई 2021 के उपलक्ष्य में बोर्ड द्वारा विविध भारती पर **''चलती रहे ज़िदंगी''** लघुनाटिका (6 भागों में) प्रसारण प्रारंभ किया गया। इस तरह दिनांक 21.05.2021 एवं 04.06.2021 तथा 18.06.2021 को 10–10 मिनट की जैवविविधता संरक्षण संवर्धन अंतर्गत लघुनाटिका प्रसारण की गई है।

### स. जिला स्तरीय कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई के अवसर पर जिला स्तर पर बोर्ड द्वारा वन विभाग की मैदानी स्तर की संस्थाओं (63 वनमंडल, 10 टाईगर रिज़र्व, वन्यप्राणी सेंचुरी) को जैवविविधता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन हेतु राशि रू. 20,000.00 (बीस हजार रूपये) प्रति इकाई को वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया।

## 2. जैवविविधता आधारित शैक्षणिक डेज़र्टेशन कार्यक्रम – 2021

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल के **कैरियर कॉलेज भोपाल (बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग)** के एम.एस. सी. पी.जी. कोर्स के छात्रों के लिए Dissertation Cum Pilot Research Programme का संचालन **फरवरी से अप्रैल 2021** की अवधि में किया गया। जिसमें **कैरियर कॉलेज, भोपाल के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग** के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रा **सु.श्री. अयुषी चौधरी** द्वारा *In-vitro* Micro Propagation of *Adhatoda vasica L.*(Adulsa) using nodal explants a member of Acantheaceae family. **एवं श्री हिमांशू सिंह** Study on Antimicrobial Activity of *Justicia adhatoda* Nees (Adulsa). **द्वारा** शोध कार्य किया गया। इस कार्य में डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव (सी एंड डी), डॉ. गौरव सिंह, तकनीकी विशेषज्ञ मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल एवं डॉ. अंजली चौधरी, विभागाध्यक्ष कैरियर कॉलेज भोपाल (बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग), डॉ. निधि त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, कैरियर कॉलेज भोपाल (बायोकमेस्ट्री विभाग) द्वारा प्रतिभागी छात्राओं को समय–समय पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

Dissertation Cum Pilot Research Programme के समापन पर दिनांक 28.06.2021 को ड्रेजर्टेशन कार्यक्रम के तहत संपादित कार्यो का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर छात्रो द्वारा रिसर्च कार्य से तैयार किये गये रोग प्रतिरोधी तीन पौधों को मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल को सौंपा गया। समापन कार्यक्रम में डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिव द्वारा छात्रों द्वारा किये गये कार्यो की प्रसंशा की गई।



*कैरियर कॉलेज, भोपाल (बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग) के छात्रों द्वारा प्लॉट टिसू कल्चर तकनीकी द्वारा तैयार किया गया अडूसा का पौधा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड को भेंट किया गया।*

## 3. ऑनलाईन वेबिनार का आयोजन

1. भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था) देहरादून उत्तराखण्ड द्वारा Participation in Regional Consolation Workshop for the stakeholder from West, South and Central States on draft on 'Development of Road map for Institutional and Policy Mainstreaming of Sustainable Land and Ecosystem Management (SLEM) in India, to be held के संबंध में दिनांक 05.04.2021 ऑनलाईन वेबिनार का आयोजन किया गया।
2. Director Land Resources Division, (TERL) Habitat Place New Delhi, by "Linkages of Joint Forest Management Committees (JFMCs) with Institution of Community Participation and Panchayati Raj Institution" के संबंध मे दिनांक 05.04.2021 ऑनलाईन वेबिनार का आयोजन किया गया।

# शोध एवं दस्तावेजीकरण


## 1. लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य

### अ. प्रशिक्षण कार्यक्रम

मध्यप्रदेश के समस्त जिलो में स्थानीय निकाय स्तर ( जनपद पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका) पर लोक जैवविविधता पंजियों का निर्माण कार्य के संबंध में पी.आई एवं को–पी.आई का दो दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोर्ड कार्यालय में कुल 2 प्रशिक्षण आयोजित किये गये।

1. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 54 जनपद, 31 नगरीय निकाय (22 जिले)में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण हेतु ऑनलाईन प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 7 एवं 8 अप्रैल 2021 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 125, पी.आई तथा को–पी.आई द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।
2. 69 जनपद पंचायत (20 जिले) में लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण हेतु ऑनलाईन द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 15 एवं 16 जून 2021 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 138 पी.आई तथा को–पी.आई द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।





*पीआई एवं को–पीआई की ऑनलाईन दिनांक 15.06.2021 एवं 16.06.202 बैठक का आयोजन किया गया*

### ब. जैवविविधता प्रबंधन समितियों की बैठक

मध्यप्रदेश के समस्त जिलो में स्थानीय निकाय स्तर (जनपद पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका) पर लोक जैवविविधता पंजियों का अद्यतनीकरण कार्य हेतु जिला – शिवपुरी (जनपद शिवपुरी, दिनांक 01.04.2021) सतना (जनपद –रामपुर बघेलान, दिनांक 08.04.2021), खण्डवा (जनपद–बलड़ी दिनांक 11.06.2021 एवं खालवा, दिनांक, 26.06.2021) एवं गुना (जनपद–चाचोड़ा, दिनांक 22.06.2021) में जैवविविधता प्रबंधन समितियों की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।

## स. जैवविविधता प्रबंधन समिति, जनपद पंचायत –शिवपुरी, जिला– शिवपुरी

जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, श्री पारम सिंह जी की अध्यक्षता में द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यगण एवं जैवविविधता के सहयोगी विभाागों के प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में भाग लिया गया। बैठक में जैवविविधता संरक्षण–संवर्धन विषय पर चर्चा की गई।





*जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत– शिवपुरी जिला– शिवपुरी की प्रथम बैठक  दिनांक 01.04.2021*

## द. जैवविविधता प्रबंधन समिति, जनपद पंचायत,चाँचौडा, जिला – गुना

जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत–चाचोड़ा जिला– गुना में बैठक का आयोजन जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माधो सिंह भील, नेपाल सिंह अहिरवार, वीरेंद्र बघेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, हरिनारायण शर्मा, जनपद सीईओ, घासीलाल नामदेव, कृष्णविहारी सक्सेना, हेमंत गोर, डॉ मनोज भिरोरिया (सी पी आई), प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर प्रो आर सी घावरी, डॉ डी के गौतम की उपस्थिति में किया गया। बैठक मे प्रो आर सी घावरी द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत–चाचोड़ा की लोक जैवविविधता पंजी के प्रारूप को प्रस्तुत किया गया । पंजी में स्थानीय क्षेत्र की खरपतवार, औषधीय पौधे, चारा पौधे, फलदार पौधे, फसलों के कीट, शोभादार पौधे, लकड़ी वृक्ष, पालतू जानवर, मछली, जंगली वृक्ष लताएँ, जंगली जलीय जीव, चबाने और धुआँ वाले पौधे वन्य जंतु प्रजाति आदि को प्रत्येक ग्राम पंचायत का भृमण करके अद्यतन किया जायेगा। इस कार्य के लिए कृषि विभाग वन विभाग पशुपालन विभाग मत्स्य पालन विभाग का सहयोग लिया जाना है। जैव विविधता पंजी संकलन कार्य में प्रोफ़ेसर आरसी घावरी के साथ मुख्य रूप से सहयोगी के रुप में जितेंद्र वंशकार, नितेश ओझा, कृतिका व्यास, शेल्वी श्रीवास्तव, विशाल शाक्यवार, अर्पित मीना, अनिकेत साहू, भोला जाटव, वरुण वर्मा, अमन साहू आदि परियोजना कार्य मे संकलन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।





पशु पक्षियों और वनस्पतियों की प्रजातियों की जानकारी उपलब्ध कराएगी जैव पंजी : घावरी

*जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत – चाचौडा जिला गुना में दिनांक 22.06.2021 को प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।*

### ई. जैवविविधता प्रबंधन समिति, जनपद पंचायत, बलड़ी एवं खालवा, जिला – खण्डवा



*जिला खण्डवा (जैवविविधता प्रबधन समिति जनपद–बलड़ी एवं खालवा में की दिनांक 11.06.2021 को प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।*

### फ. राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई द्वारा समीक्षा बैठक –

राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई द्वारा एन.जी.टी. प्रकरण क्रमांक 347/2016 के संबंध में समस्त राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं काउन्सिल (यू.टी.) का **12th Review Meeting of the State UTBCs** माह – अप्रैल 2021 (दिनांक 28.04.2021), **13th Review Meeting of the State UTBCs** माह मई 2021 (दिनांक 27.07.2021), **14th Review Meeting of the State UTBCs** माह–जून 2021 (दिनांक 25.6.2021) में संपादित कार्यो की ऑनलाईन समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 28.07.2021 को किया गया।

## जैवसंसाधनों से उद्भुत साम्यापूर्ण लाभ प्रभाजन (ए.बी.एस.)

1. जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा – 7 अंतर्गत व्यापारियों एवं विनिर्माताओं से मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं वन मण्डलों को प्राप्त लाभ प्रभाजन की राशि का विवरण निम्नानुसार है–

**(अद्यतन स्थिति 30.06.2021)**

| Financial Year | No of MoUs signed | | ABS amount collected (in Rs.) | | ABS Amount Collected (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| | Trader | Manufacturer | Trader | Manufacturer | |
| **2021-22** | 21 | 11 | 5,48,692.00 | 1,52,957.00 | 7,01,649.00 |
| **Grand Total 2013-14 to Till date** | **1305** | **64** | **1,67,382,97.52** | **49,20,243.00** | **2,16,58,540.52** |

2. जैवविविधता अधिनियम,2002 की धारा –3 (2) अंतर्गत राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड को लाभ प्रभाजन की राशि रू. 11.99 लाख उपलब्ध कराये गये थे। जिसे निर्देशानुसार मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज संघ, भोपाल को राशि रू. 32,885.00 जिला – छिन्दवाड़ा की 12 जैवविविधता प्रबंधन समितियों – अमरवाड़ा, चैरई, छिन्दवाड़ा, हर्रई, बिछुआ, मोहखेड़ा, पार्ढूना, सौंसर, जुन्नाादेव, परासिया, तामिया, उमरेठ) को राशि रू. 4.27 लाख, छिन्दवाड़ा जिले की अन्य जैवहिवविधता प्रबंधन समितियों (टेकापार, नारायणघाट, खड़की एवं विरौलीपार) को राशि रू. 98,500.00 राजमाता कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर को राशि रू. 3.34 लाख तथा जवाहरलाल कृषि विश्वविद्यालय को राशि रू. 3.39 लाख रूपये वितरित किया गया।

# अन्य गतिविधियाँ

1. **ग्रीन इण्डिया मिशन**– संबंध मे मंत्रलाय वल्लभ भवन में श्री अशोक वर्णबाल, प्रमुख सचिव, वन विभाग के अध्यक्षता में दिनाक 19.04.2021 को GIM अंतर्गत संपादित कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। ग्रीन इण्डिया मिशन अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा निम्नानुसार गतिविधियां संचालित की जा रही है– (1) प्रथम चरण में 7 वनमण्डल (उत्तर बैतूल, पश्चिम बैतूल, होशंगाबाद, दक्षिण सागर, रायसेन, सीहोर, औबेदुल्लागंज) क्षेत्रों में Indian Institute of Science Education and Research (IISER), Kolkata के माध्यम से कार्य Biodiversity Protocol का कार्य प्रगति पर है। (2) बोर्ड द्वारा स्थानीय निकाय जनपद पंचायत स्तर पर 29 जनपदों पर लोक जैवविविधता पंजी निर्माण कार्य विद्यालय एवं महाविद्यालय के सहयोग से प्रगति पर है।
2. **इको सेंसेटिंव जोन** – सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के **इको सेंसेटिंव जोन** में होने वाली वाणिज्यिक गतिविधियॉ, प्रतिबंधित गतिविधियॉ एवं जोनल मास्टर प्लान के संबंध में आयुक्त, कार्यालय नर्मदापुरम–संभाग होशंगाबाद में दिनांक 28.06.2021 को बैठक का आयोजन किया गया।

## समाचार पत्रों से.......


जनपद पंचायत में हुई जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक

जैव विविधता प्रबंध समिति की हुई बैठक

जैव विविधता प्रबंधन समिति की हुई बैठक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

बुक पोस्ट

प्रति,

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

प्रेषक –


**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**
प्रथम तल, किसान भवन,
अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)
फोन : 0755–2554549, 2554539, 2764911
ई–मेल : mpsbb@mp.gov.in
वेबसाईट : www.mpsbb.nic.in



| संरक्षक | संपादक मण्डल | | |
|---|---|---|---|
| **डॉ धर्मेन्द्र वर्मा**<br>सदस्य सचिव | **डॉ. बकुल लाड**<br>सहायक सदस्य सचिव<br>(सी. एण्ड. डी) | **डॉ. एलिजाबेथ थॉमस**<br>सहायक सदस्य सचिव<br>(बायो) | **शिवप्रताप सिंह बघेल**<br>सहायक सदस्य सचिव<br>(प्रशा./वित्त) |